66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को मध्य प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने 66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा, खेल एवं युवक कल्याण विभाग और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश के 2 शहर भोपाल एवं ग्वालियर में 66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 13 जून तक किया जा रहा है।
- 66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का ध्येय वाक्य 'जीत से बढ़कर खेल भावना'है।
- प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि अरुण शमी ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के लगभग 5256 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।
- भोपाल एवं ग्वालियर के विभिन्न खेल मैदानों में एथलेटिक्स, फुटबाल, बालीबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, टेबल टेनिस, हॉकी एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिताएँ होंगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/grand-nauguration-of-66th-national-school-sports-competition